21

| परियोजना का नाम | :– | जनपद पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अर्न्तगत रौली से कुनेथ मोटर मार्ग (5.500 किमी) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। |
| --- | --- | --- |

## प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मार्ग का पूर्ण औचित्य को दर्शाते हुए एक विस्तृत आख्या।

रौली से मरोड़ा कणेथ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु निम्नलिखित संरेखण निम्नलिखित भूमियों के सापेक्ष किये गये हैं :–

**संरेखण नं0 1 :–** के अनुसार यह मोटर मार्ग जनपद पौडी गढवाल के विकासखण्ड थलीसैंण के अन्तर्गत रौली से कुणेथ मोटर मार्ग का प्रारम्भ बिन्दु नक्शे पर लाल रंग से चिन्हित थलीसेण से बुंगीधार मोटर मार्ग के कि0मी0 5.00 से संमरेखण प्रारम्भ होता है। इस संरेखण में 01 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित हैं। जो कि कमशः, 2/27 पर है, इस संरेखण में अधिकतर नाप भूमि के अतिरिक्त बीच– बीच में सिविल सोयम भूमि आती है, इस संरेखण में मोटर मार्ग निर्माण करने में वृक्ष कम प्रभावित हो रहे हैं तकनिकी दृष्टि एवं मानकों के अनुसार सही ग्रेड मिलता है एवं अधिक से अधिक आवादी लाभान्वित होती है। इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है। इस संरेखण के अनुसार मोटर मार्ग निर्माण करने में ग्रांमवासी एवं जन प्रतिनिधि सहमत है।

**संरेखण नं0 2 :–** के अनुसार यह मोटर मार्ग जनपद पौडी गढवाल में विकासखण्ड थलीसैंण के अन्तर्गत रौली से कुणेथ मोटर मार्ग का प्रारम्भ बिन्दु नक्शे पर हरे रंग से चिन्हित थलीसैंण से बुंगीधार मोटर मार्ग के कि0मी0 5.00 से संमरेखण प्रारम्भ होता है। इस संरेखण की कुल ल0 6.250 कि0मी0 आती है, एव 07 हेयर पिन बैण्ड पडते है। संरेखण की ल0 6.250 से अधिक होने के कारण तथा संरेखण का अधिकतर भाग नाप क्षेत्र से तथा वन क्षेत्र से होकर गुजरती है जिस कारण यह संरेखण तकनिकी दृष्टि से उचित नहीं पाया गया है एवं ल0 6.250 से अधिक होने के कारण भी ग्रामवासी संरेखण से सहमत नहीं है। मोटर मार्ग का कुछ भाग कच्ची भूमि से भी गुजरता है। तकनिकी दृष्टि एवं मानकों के अनुसार सही ग्रेड नहीं मिलता है इस संरेखण के अनुसार मोटर मार्ग निर्माण करने में ग्रांमवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

उपरोक्तानुसार संरेखण–1, उक्त मोटर मार्ग हेतु उचित है एवं इन संरेखणों के ग्राम सभाओं के मध्य की समस्त भूमि वन क्षेत्रान्तर्गत आती है अत उक्त मार्गों के निर्माण हेतु वन भूमि की आवश्यक्ता है।

| कनिष्ट अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| --- | --- | --- |
| पी0एम0जी0एस0वाई | पी0एम0जी0एस0वाई | पी0एम0जी0एस0वाई |
| सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल | सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल | सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल |